द्वारा ईमेल/फैक्स।

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश।

टावर 1/2, चतुर्थ तल, पुलिस मुख्यालय, शहीद पथ, गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ-226002

संख्याः पाँच-470(वरि0 अपूर्ण अभिलेख)2022 दिनांक:दिसम्बर 26 , 2022

## आदेश

उत्तर प्रदेश उप निरीक्षक और निरीक्षक (नागरिक पुलिस) सेवा नियमावली, 2015 यथा संशोधित में निहित निर्देशों के अन्तर्गत प्राधिकृत बोर्ड (चयन समिति) द्वारा निम्नलिखित उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस को निरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर पदोन्नति हेतु विचारोपरान्त पाया गया कि इन कार्मिकों के सेवाभिलेख अपूर्ण तथा वांछित सूचनायें उपलब्ध न होने के कारण उनकी उपयुक्तता के बारे में वस्तुनिष्ठ निर्णय नहीं लिया जा सका है। ऐसे कार्मिकों के लिये रिक्तियाँ सुरक्षित रखते हुये निर्णय स्थगित किया गया है तथा पूर्ण सेवाभिलेख/सूचनायें प्राप्त होने पर इन्हें आगामी विभागीय प्रोन्नति चयन समिति के समक्ष प्रस्तुत कर उचित निर्णय कराया जाना अपेक्षित है :-

| क्र0 सं0 | वरिष्ठता कमांक | पीएनओ | नाम | नियुक्ति जनपद | जन्म तिथि | चयन वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 117 | 862690021 | राम प्रताप सिंह | प्रतापगढ़ | 01.05.1967 | 2022 |
| 2 | 296 | 872761476 | श्री अजय कुमार सिंह | जौनपुर | 01-09-1968 | 2021 |

2- उपरोक्त उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस के सम्बन्ध में पूर्ण सेवाभिलेख/सूचनायें प्राप्त/पूर्ण होने पर उपरोक्त उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस के प्रकरण प्राधिकृत बोर्ड (चयन समिति) द्वारा नियमानुसार शीघ्र विचार किया जायेगा एवं उपयुक्त पाये जाने की दशा में इन्हें अपने से कनिष्ठ के पदोन्नति की तिथि से समस्त सेवा का लाभ देय होगा।

3- सम्बन्धित वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक से अनुरोध किया जा रहा है कि वे सम्बन्धित उपनिरीक्षक के सेवा अभिलेखों/सूचनायें पूर्ण कराकर अद्यावधिक चरित्रपंजिका एवं बोर्ड प्रपत्र-1 में पूर्ण सूचनायें पुलिस मुख्यालय को तत्काल उपलब्ध करायें, ताकि प्राधिकृत बोर्ड के समक्ष रखकर निरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर पदोन्नति के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करायी जा सके।

4- आदेश की प्रति उ0प्र0 की वेबसाइट http://uppolice.gov.in पर प्रदर्शित की जा रही है।

(सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज)
पुलिस अधीक्षक, स्थापना,
निमित्त-अपर पुलिस महानिदेशक, स्थापना
उत्तर प्रदेश।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को उपरोक्त के संदर्भ में कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :-

1- अध्यक्ष, उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड को उपरोक्त के अनुकम में कृपया सादर सूचनार्थ प्रेषित।

2- अपर पुलिस महानिदेशक, प्रयागराज, एवं वाराणसी जोन वाराणसी।

3- पुलिस महानिरीक्षक, प्रयागराज एवं वाराणसी परिक्षेत्र वाराणसी।

4- पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ एवं जौनपुर।

5- पुलिस अधीक्षक/सहायक निदेशक, उ0प्र0 पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र लखनऊ को इस अनुरोध के साथ की वे कृपया प्रश्नगत आदेश को उ0प्र0 पुलिस की वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करे।